C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हां करने से पहले प्रियंका ने...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 203 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 4 फरवरी 2026

## News कॉर्नर

### गुलदार की दहशत, आठ स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित

चमोली। रुद्रप्रयाग के सिंद्रवाणी क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। बच्चा मां के साथ घर के आंगन में था। अचानक गुलदार ने मां के हाथ से झपटा मार कर बच्चे को खींचा और जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद प्रशासन ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।

रुद्रप्रयाग तहसील रुद्रप्रयाग के सिंद्रवाणी क्षेत्र में गुलदार द्वारा एक बच्चे को उठाए जाने की घटना के बाद प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए चार और पांच फरवरी को क्षेत्र के आठ विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है।

अवकाश घोषित विद्यालयों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय चमसील, सारी, सिंद्रवाणी, झालीमठ, छिनका, हिलोरीधार, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छिनका तथा जनता हाई स्कूल ककोड़ाखाल शामिल हैं।

### बढ़ रहे वन्य जीव हमले बेहद चिंताजनक: सांसद भट्ट

हल्द्वानी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने भीमताल विधानसभा के कुआंताल निवासी गंगा देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद के वन्य जीव द्वारा किए गए हमले में हुए निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। भट्ट ने लगातार वन्य जीव हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी नैनीताल और प्रभागीय वनाअधिकारी से दूरभाष पर बात करते हुए वन्य जीव के हमले पर रोकथाम के प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। भट्ट ने जिलाधिकारी नैनीताल और डीएफओ से दूरभाष पर वार्ता कर क्षेत्र में पिंजरा लगाने, गश्त बढ़ाने और वन क्षेत्र में लोगों के आवागमन पर जन जागरूकता बढ़ाने सहित हर प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि वन्यजीवों के लगातार बढ़ रहे हमले बेहद चिंताजनक है। उन्होंने गंगा देवी की मृत्यु पर दुःख जताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है।

# पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी से राहत, अब कोहरे का यलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

आज से प्रदेश में कोहरा परेशान करेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो चार और पांच फरवरी को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।

उत्तराखंड में बुधवार को बारिश-बर्फबारी से राहत मिलेगी। हालांकि कुछ जिलों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी, नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।



मंगलवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हुई बारिश-बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिखा। मैदानी इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। हालांकि चटक धूप खिलने से ठंड का अहसास कम हुआ। आंकड़ों पर नजर डाले तो दिन में दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक के साथ 23.6 डिग्री रहा। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 11.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य हिस्सों का भी रहा। आने वाले दिनों की बात करें तो चार और पांच फरवरी को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि छह फरवरी को पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है।

## नैनीताल में दोपहर में छाए बादल

**नैनीताल** । सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को दोपहर में घने बादल आसमान में छा गए। सुबह के समय तेज ठंडी हवा चल रही थी फिर शाम को मौसम साफ हो गया। नगर में सुबह के समय धूप खिली हुई थी और दोपहर में बादल छा गए। जिसके चलते वर्षा और हिमपात के कयास लगाए जाने लगे। मगर देर शाम बादल पूरी तरह हट गए और पाला गिरना शुरू हो गया और ठंड में अधिक बढ़ोतरी हो गई। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17.5 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है।

दो दिवसीय दौरे पर हल्द्वानी पहुंचे सीएम

# उत्तराखंड के विकास की रफ्तार बढ़ाने में मददगार होगा केंद्रीय बजट: धामी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत निर्माण में युवा शक्ति की बड़ी भूमिका निर्धारित करने वाला बताया है। धामी ने जनकल्याणकारी बजट प्रस्तुत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का प्रदेशवासियों की तरफ से आभार व्यक्त किया है। वहीं इस बजट को उन्होंने उत्तराखंड के परिप्रेक्ष्य में पर्यटन, महिला सशक्तिकरण, बागवानी और सेमी कंडक्टर इकाइयों समेत कई क्षेत्रों में मजबूत करने वाला बताया।

उन्होंने केंद्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकसित भारत निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। पीएम मोदी के निर्देशानुसार युवा भारत के युवाओं को अधिक सशक्त करने के उपाय, बजट में रेखांकित किए गए हैं। युवा शक्ति पर फोकस ये बजट देश के विकास, रोजगार सृजन और नवाचार तकनीक आधारित उद्योगों की मजबूत करने वाला है। केंद्र सरकार ने पुनः स्पष्ट किया कि इस वर्ष भी हम सबका साथ सबका विकास के संकल्प पर काम करने का होगा। साथ ही आर्थिक तरक्की, लोगों




की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उनकी क्षमता वृद्धि करना और प्रत्येक परिवार, समाज, क्षेत्र की भागेदारी विकास में सुनिश्चित करने के कर्तव्यों पर आधारित होगा। महिलाओं के लिए प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की घोषणा,.ड्ड की नवीन तकनीक के युवा एक्सपर्ट देश के 15 हजार स्कूलों और 500 कालेजों में लैब स्थापित कर तैयार करना, 500 अमृत सरोवर निर्माण जैसी नवीन योजनाओं के साथ किसान, मातृ शक्ति, व्यवसाई, उद्योग, पर्यटन और रोजगार सृजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा बजट में प्रस्तुत की गई है। उन्होंने कहा, उत्तराखंड के परिप्रेक्ष्य में ये बजट प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से विकास के नए सोपानों को पार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। पर्यटन की प्रदेश में आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है ऐसे में इको टूरिज्म के तहत पर्वतीय ट्रेल की घोषणा गेम चेंजर साबित हो सकती है। इसी तरह क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिए 120 नए गंतव्यों को जोड़ने की घोषणा हुई है, निश्चित तौर पर प्रदेश को उसका लाभ मिलेगा। वहीं एनआरएलएम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम श्री, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, एन.एच.एम, स्वच्छ भारत मिशन अर्बन जैसी अनेकों योजनाओं में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। प्रेस वार्ता में विधायक बंशीधर भगत, डॉ मोहन बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश मिडिया प्रभारी मनवीर चौहान आदि मौजूद रहें। मुख्यमंत्री आज जमरानी परियोजना का स्थलीय निरिक्षण करेंगे।

# एम्स सेटेलाइट सेंटर को पूर्ण एम्स का दर्जा मिले: सांसद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री का नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से लोकसभा सत्र के दौरान भेंट कर पत्र सौंपा जिसमें जनपद उधमसिंह नगर के अंतर्गत किच्छा में बन रहे एम्स सैटेलाइट सेंटर को पूर्ण एम्स का दर्जा दिए जाने की मांग की है। भट्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करते हुए पत्र के माध्यम से कहा है कि जनपद उधमसिंह नगर के अंतर्गत किच्छा में एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) का सैटेलाइट सेंटर निर्माणाधीन है। जिसको पूर्ण रूप से एम्स का दर्जा दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

भट्ट ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण ही उसे विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है। राज्य के पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में रहने वाली बडी जनसंख्या को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की नितांत आवश्यकता है। पिथौरागढ़, चम्पावत, बागेश्वर एवं अल्मोड़ा जिलों के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्रों से किच्छा पहुंचने में लगभग 12 से 15 घण्टे लग जाते है और ऐसे ही नैनीताल जिले के पर्वतीय क्षेत्रों से आने में भी बहुत समय लगता है। चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों के लोगों को लगभग 16 से घण्टे तक किच्छा सैटेलाईट सेंटर आने में लग जाते है। यदि मरीज का यहां पर ठीक उपचार नहीं हुआ तो, पुनः बरेली, मुरादाबार, देहरादून एवं दिल्ली आना ही पड़ता है और ऐसे में दिल्ली पहुंचने पर कुल मिलाकर लगभग 21 से 22 घण्टे लग जाते हैं इतने लम्बे समय तक पहाड़ी मार्गों से आने में कई लोगों की रास्तें में ही मृत्यु हो जाती है। आदि कैलाश, गुंजी, कुट्टी, नभिढांग, गर्ब्यांग, जोलिंगकोंग, छियालेख, पांगला से आने में भी यह दूरी और बढ़ जाती है। इसलिए किच्छा में बन रहे एम्स सैटेलाइट सेंटर को पूर्ण एम्स का दर्जा दिया जाना जनहित में अति आवश्यक है। भट्ट ने बताया कि सैटेलाइट सेंटर केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर आदि क्षेत्रों की बड़ी आबादी के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यदि किच्छा स्थित एम्स सैटेलाईट सेंटर को पूर्ण रूप से विकसित किया जाता है, तो उत्तराखंड के उपरोक्त जिलों के सीमावर्ती गांव एवं उत्तर प्रदेश के उत्तराखण्ड से लगे हुए जिलों के लाखों नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी और उन्हें दूर-दराज के महानगरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

भट्ट ने कहा है कि जनभावनाओं एवं क्षेत्रीय आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए किच्छा (उधमसिंह नगर) में बन रहे एम्स सैटेलाइट सेंटर को पूर्ण एम्स का दर्जा प्रदान किया जाना बेहद आवश्यक है।

# शारदीय कांवड़ मेला: कल से 15 फरवरी तक हरिद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर भारी वाहन होंगे बंद

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

शारदीय कांवड़ मेले के लिए पुलिस ने यातायात रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। पांच फरवरी की सुबह आठ बजे से 15 फरवरी की रात 12 बजे तक यातायात डायवर्जन प्रभावी रहेगा।

इस दौरान हरिद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि रूट प्लान जारी करते हुए सभी अधीनस्थों को इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सिडकुल, देहरादून और ऋषिकेश की ओर से आने वाले वे भारी वाहन जिन्हें बिजनौर, मुरादाबाद या नैनीताल की ओर जाना है, उन्हें हरिद्वार, रुड़की, मुजफ्फरनगर होते हुए अपने गंतव्य तक भेजा जाएगा। वापसी भी इसी मार्ग से होगी। आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन, जैसे खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम पदार्थ, गैस और मेडिकल आपूर्ति को हरिद्वार से नजीबाबाद, मुरादाबाद और नैनीताल की ओर रात 11 बजे से सुबह 4 बजे तक आवागमन की अनुमति दी जाएगी। देहरादून, ऋषिकेश और हरिद्वार से बिजनौर, मुरादाबाद और नैनीताल जाने वाली रोडवेज बसें लाडपुर से नहर पटरी होते हुए गंतव्य तक जाएंगी। वापसी में बिजनौर और नजीबाबाद से हरिद्वार आने वाली सभी बसें बिजनौर, गंगा बैराज, मोन्टी तिराहा (मीरापुर), मुजफ्फरनगर के रास्ते हरिद्वार पहुंचेंगी। कोटद्वार से हरिद्वार आने वाली निजी बसों का मार्ग यथावत रखा गया है।

# ऑनलाइन गेमिंग की लत, तीन सगी नाबालिग बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर दी जान

नई दिल्ली
एजेंसी

गाजियाबाद के टीलामोड़ थानाक्षेत्र के भारत सिटी सोसायटी में एक ही परिवार की तीन नाबालिग बहनों ने कथित तौर पर माता-पिता द्वारा ऑनलाइन गेमिंग पर आपत्ति जताए जाने के बाद 9वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। इस सामूहिक आत्महत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

गाजियाबाद के टीलामोड़ थानाक्षेत्र इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ही परिवार की तीन नाबालिग बहनों ने कथित तौर पर अपने माता-पिता द्वारा ऑनलाइन गेमिंग पर आपत्ति जताए जाने के बाद 9वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। तीन बेटियों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।




बताया जा रहा है कि ये तीनों बहनें पिछले कुछ महीनों से ऑनलाइन गेम खेलने की आदी हो चुकी थीं और कोरोना महामारी के बाद से इनका स्कूल भी रेगुलर नहीं था। चेतन कुमार, जो ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम करते हैं और तीन साल से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं, उनकी तीन बेटियों की उम्र 16, 14 और 12 वर्ष थी। जानकारी के मुताबिक, चेतन कुमार की तीनों बेटियों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। मामला मंगलवार देर रात करीब 2:30 बजे का है। चेतन कुमार पत्नी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे। तीनों बहनों ने अपने कमरे की खि?की से छलांग लगा दी। पुलिस के अनुसार तीनों बहनें पिछले कुछ माह से ऑनलाइन गेम खेल रही थीं। कोरोना के बाद से तीनों प?ाई भी छो? चुकी थीं।

एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चेतन कुमार ऑनलाइन ट्रेडिंग का करते हैं और तीन वर्ष से भारत सिटी सोसायटी में किराये पर रह रहे हैं, मूल रूप से दिल्ली निवासी हैं। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिए हैं। मोबाइल कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# अभिमत

## बेरोजगार की मजबूरी

*अंततः कामगारों का धैर्य जवाब दे गया और देशव्यापी आंदोलन किया। केन्द्रीय श्रममंत्री ने ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों से बात करके दस मिनट की पाबंदी खत्म करा दी। सरकार का यह कदम सराहनीय है। इतनी जल्दी शायद कभी कामगार की मांग स्वीकार नहीं की गई। यह फौरी राहत है। ऑनलाइन व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। व्यापार करने वाली कंपनियों में प्रतिस्पर्धा है। प्रतिद्वंद्वी से आगे निकलने की अंधी दौड़ में कोई अन्य तरीका तलाशे जाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।*

रोजी-रोटी के लिए अधिकतर लोगों को दर-दर भटकना पड़ता है। बेरोजगार की मजबूरी का फायदा उठाना आम बात है। रोजगार मिलने पर नियोक्ता द्वारा शोषण किया जाता है। मजबूरी में कामगार अपनी जान की सुरक्षा का जोखिम उठाता है। ऑनलाइन व्यापार में गिग वर्कर्स को दस मिनट में उपभोक्ता तक सामान पहुंचाने के कारण अनेक कामगार सड़क दुर्घटना में जान गंवा बैठे। अंततः कामगारों का धैर्य जवाब दे गया और देशव्यापी आंदोलन किया। केन्द्रीय श्रममंत्री ने ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों से बात करके दस मिनट की पाबंदी खत्म करा दी। सरकार का यह कदम सराहनीय है। इतनी जल्दी शायद कभी कामगार की मांग स्वीकार नहीं की गई। यह फौरी राहत है। ऑनलाइन व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। व्यापार करने वाली कंपनियों में प्रतिस्पर्धा है। प्रतिद्वंद्वी से आगे निकलने की अंधी दौड़ में कोई अन्य तरीका तलाशे जाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। दरअसल फास्ट फूड की डिलीवरी उपभोक्ता जल्द से जल्द चाहता है। व्यापारिक कंपनियों के प्रबंधन के साथ उपभोक्ता की मानसिकता भी कामगार के लिए चुनौती है। गिग वर्कर्स ने कोरोना महामारी के दौरान भी जोखिम उठाया था। संक्रमण से बचने के लिए उपभोक्ता बाजार में नहीं जाना चाहते थे। जरूरत का सामान ऑनलाइन घर पर ही मंगा रहे थे। गिग वर्कर्स से घर के बाहर सामान लेकर सेनेटाइज करते थे। उस समय भी गिग वर्कर्स की सुरक्षा की उपेक्षा की गई। अब दस मिनट में डिलीवरी का दबाव नहीं है, लेकिन गिग वर्कर्स को वेतन के लिए काम का निर्धारण रहेगा। डिलीवरी की निर्धारित संख्या पूरी करने के लिए दोपहिया तेज गति से चलाकर काम करने को मजबूर होंगे। सरकारी विभागों की तरह ड्यूटी का समय निर्धारित नहीं है। दिन निकलने से लेकर देर रात तक होम डिलीवरी का सिलसिला जारी रहता है। सरकारी विभाग की तरह वेतन का निर्धारण भी नहीं है। गिग वर्कर्स के साथ ही निजी क्षेत्र के संस्थानों में भी कामगारों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। निजी क्षेत्र में स्थाई कर्मचारी का प्रोविडेंट फंड जमा किया जाता है, लेकिन संविदा और ठेकेदार के माध्यम से काम करने वालों को मानदेय दिया जाता है और फंड की सुविधा तक नहीं है। केन्द्रीय श्रम मंत्री को बेरोजगारों की मजबूरी और शोषण से मुक्ति के लिए व्यापक निर्णय लेकर सख्ती से लागू करने से देश के करोड़ों कामगारों की आर्थिक और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# विधायक ने काशीपुर बाईपास का किया भ्रमण

### डिवाइडर के 60- 60 फिट तक दोनों तरफ होगा सड़क निर्माण कार्य, यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य होगा जल्द

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर क्षेत्र की सबसे व्यस्तम मार्ग कहा जाने वाला काशीपुर बाईपास रोड जहाँ घंटो लगने वाले जाम से निजाद मिलने जा रही है।विधायक शिव अरोरा ने पीडब्लूडी,जलसंस्थान, विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ काशीपुर रोड का पैदल भ्रमण मौका मुआयना किया। इस दौरान विधायक ने कहा विगत एक माह पूर्व इसकी कार्य प्रगति को अंतिम रूप देने को विभाग के अधिकारियों संग विधायक कार्यालय पर बैठक की थी। जिसमें डिवाइडर के 60-60 फिट दोनों तरफ सड़क निर्माण पर प्रशासन के अधिकारियों साथ सहमति बनी थी। पैदल भ्रमण के दौरान मीडिया के सामने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने स्पष्ट किया उन्होंने जल संस्थान,विद्युत विभाग को यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए धनराशि जारी कर दी गई है।यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण होने के बाद उनके द्वारा सड़क निर्माण का कार्य आरंभ किया जायेगा। जलसंस्थान के ईई ने कहा उनके द्वारा शिफ्टिंग कार्य हेतु ई टेंडर 4 फरवरी को लगा दिया जायेगा।



जिसके बाद विभागीय प्रकिया पूर्ण होते ही वह इसका कार्य को आरम्भ करेंगे। विद्युत विभाग के अधिसासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी ने बताया विद्युत विभाग इसके पोल शिफ्टिंग के कार्य को आगे एक दो दिन में ही या कल से प्रारम्भ कर देगा जहां-जहां जगह पर्याप्त है वहाँ खम्बे लगाने का कार्य शुरू किया जायेगा। विधायक ने कहा कि सभी विभाग के अधिकारियों ने काशीपुर बाईपास का निर्माण आरम्भ होने को लेकर उनकी तैयारी पूर्ण है। व्यापारियों से अपील करते है अपना अतिक्रमण स्वयं हटा ले और इसके निर्माण में सहयोग करें।नगर निगम भी अतिक्रमण हटाने को लेकर आगे कुछ दिनों मे अपना कार्य आरम्भ करेगा। व्यापारी दुकान प्रतिष्ठान के आगे का अतिक्रमण 60-60 फिट तक फ्री कर दें। विधायक ने कहा कि जनता से किया वादा अब धरातल पर नजर आएगा।इस वर्ष के अंत तक उम्मीद है यह कार्य पूर्ण करने का भरोसा पीडब्ल्यूडी विभाग ने दिया।इस दौरान व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा,पप्पल अरोरा, विक्की घई,मनोज मदान, रोनिक नारंग,राजेश कामरा, किरन विर्क,प्रीत ग्रोवर,सुनील यादव, मयंक कक्कड़ समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दी 4 हफ्ते की मोहलत

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जिले के कई ग्रामों से होकर बहने वाली गंगा नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण उपजे सीमा विवाद के निर्धारण करने को दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाश कालीन न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने जिलाधिकारी हरिद्वार को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों की ओर से कृषि करने को लेकर दिए गए प्रत्यावेदनों पर 6 सप्ताह के भीतर निर्णय लें ताकि वे अपने कृषि कार्य कर सके, साथ ही मामले में राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 सप्ताह बाद की तिथि नियत की गयी है। मामले के अनुसार उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे हरिद्वार के ग्राम रायपुर, रायघाटी, काबुलपुरी, भिककपुर तथा जीतपुर व अन्य ग्रामों के ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्रामों से होकर गंगा नदी बहती थी लेकिन अब गंगा नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण उनकी कृषि योग्य भूमि की सीमा बदल गयी है।

# प्राइमरी शिक्षकों की काउंसिलिंग में घोर लापरवाही पर हाईकोर्ट सख्त

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापक (प्राइमरी) भर्ती प्रक्रिया के लिये हुई काउंसिलिंग में अभयर्थियों को कम समय के कारण शामिल न हो पाने और उनके स्थान पर कम मैरिट वाले अभयर्थियों की काउंसिलिंग कराए जाने चयन होने के संबन्ध में दायर करीब 45 से अधिक अभयर्थियों के मामले पर सुनवाई की ।

बता दें इस महत्वपूर्ण मामले में अवकाश कालीन जज न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने स्पष्ट किया कि चयन का मुखय आधार मेरिट होना चाहिए और काउंसिलिंग में छूट गए अभयर्थियों के लिये विषय, जिला व आरक्षण से संबंधित सीट रिक्त रखी जाए क्योंकि शिक्षा विभाग ने कम समय के भीतर काउंसलिंग कराने का निर्णय लिया है जिसकी वजह से उच्च मेरिट पर आने वाले अभयर्थी काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो सके। अब विभाग मेरिट लिस्ट जारी नहीं कर रहा है। इस आदेश के बाद अब उन अभयर्थियों को बड़ी राहत मिली है जो



अधिक अंक होने के बावजूद केवल प्रशासनिक अव्यवस्था और समय की कमी के कारण काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाए थे। कोर्ट ने राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं कि प्रभावित अभयर्थियों के हक की रक्षा की जाए उनके लिए पद रिक्त रखे जाएं।

मामले के अनुसार 12 जनवरी 2026 को काउंसलिंग प्रक्रिया विभिन्न जिलों में एक ही दिन रख दी गई और इसकी सूचना भी महज 24 घंटे पहले दी गई। इस कम समय के कारण अभयर्थी अपने पसंदीदा जिलों में नहीं पहुंच सके। स्थिति तब और जटिल हो गई जब काउंसलिंग करा रहे अभयर्थियों के मूल दस्तावेज शाम 4 बजे तक जमा रखे गए जिससे उनके पास दूसरे जिले में जाने का कोई विकल्प नहीं बचा।

कोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया कि भर्ती प्रक्रिया में स्थापित नियमों का पालन नहीं किया गया और अपने चेहतों की काउंसिलिंग करा दी गयी। नियमानुसार काउंसलिंग से पहले फ इनल मेरिट लिस्ट और पात्रता सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसके बजाय विभाग ने प्रारंभिक सूची के आधार पर ही सभी आवेदकों को बुला लिया जिससे भारी अव्यवस्था फैली और मेधावी छात्र मेरिट में ऊपर होने के बावजूद चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए।

अभयर्थियों का मुखय तर्क यह है कि उनसे कम अंक वाले लोगों को नियुक्त किया जा रहा है जो सीधे तौर पर मेरिट प्रणाली का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि सिर्फ समय की बाध्यता और सूचना के अभाव में उन्हें उनके संवैधानिक हक से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने इस दलील को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन से इस पूरी प्रक्रिया पर जवाब तलब किया है।

## फिल्मी दुनिया

# फिल्म वाराणसी को हां करने से पहले प्रियंका ने रखी थी शर्त



*फिल्म वाराणसी में काम करने से पहले प्रियंका चोपड़ा ने निर्देशक से एक शर्त रखी थी। इस शर्त को सुनकर महेश बाबू हैरान हो गए थे। प्रियंका चोपड़ा अपकमिंग फिल्म वाराणसी को लेकर चर्चा में हैं। वह सात साल बाद इंडियन सिनेमा में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि एसएस राजामौली को फिल्म के लिए हां कहने से पहले उनकी एक शर्त थी। महेश बाबू ने इस शर्त पर रिएक्शन दिया है। सिनेमा ब्लेंड से बातचीत में प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने एसएस राजामौली से वाराणसी में उन्हें डांस करवाने की रिक्वेस्ट की थी। उन्होंने कहा तो, मैंने लगभग छह साल से कोई भारतीय फिल्म नहीं की है। तो जब राजामौली ने मुझे कॉल किया और वह बोले, क्या तुम्हें पता है कि यह फीमेल कैरेक्टर सच में बहुत कूल है? तुम्हें यह करना ही होगा, इस पर मैंने कहा कि मेरी एक रिक्वेस्ट है। क्या आप मुझसे डांस करवाएंगे? क्योंकि मैंने लंबे समय से डांस नहीं किया है। हालांकि, मुझे इसके बारे में पूछना ही नहीं चाहिए था, क्योंकि फिल्म में डांस है। इस पर महेश बाबू ने कहा, यह तुम्हारी वजह से है। तुम्हारी वजह से मुझे भी डांस करना पड़ेगा। फिल्म में डांस को लेकर महेश बाबू ने कहा यह जबरदस्त है। मुझे लगता है कि हमने फिल्म के लिए एक गाना पहले ही शूट कर लिया है। वह हमारे दिमाग में बार-बार बजता रहता है। प्रियंका इसे हर वक्त गाती रहती हैं। फिल्म में गाना इसलिए लिया गया क्योंकि वह डांस करना चाहती थीं।*

### कब रिलीज होगी वाराणसी?

*आपको बता दें कि फिल्म वाराणसी एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। निर्देशक एसएस राजामौली ने बताय है कि फिल्म के एक सीक्वेंस में महेश बाबू भगवान राम का रोल निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसमें प्रियंका चोपड़ा के अलावा महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन होंगे।*

# सरकार कर रही है आशाओं का शोषण, चाहिए नियमित वेतन, पक्की नौकरी और सम्मानः रिंकी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

ट्रेड यूनियन ऐक्टू से सम्बद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत अखिल भारतीय आम हड़ताल में पूरी ताकत से शामिल होंगी और बुधपार्क हल्द्वानी में प्रदर्शन करेंगी।



चार श्रम कोड वापस लेने, आशाओं को न्यूनतम वेतन 35000 हजार करने, आशा वर्कर्स को राज्य कर्मचारी का दर्जा व न्यनूतम वेतन देने, रिटायरमेंट के समय पेंशन, अस्पताल में सम्मानजनक व्यवहार, ट्रेनिंग स्वास्थ्य विभाग स्वयं कराए और एनजीओ का हस्तक्षेप बंद हो, ट्रेनिंग का प्रतिदिन न्यूनतम 500 रूपये भुगतान करने, सभी बकाया राशि का भुगतान करने, हर माह का पैसा हर माह खाते में डालने सहित अन्य मांगों को लेकर ट्रेड यूनियन ऐक्टू के नेतृत्व में आशा वर्कर्स बुधपार्क में प्रदर्शन करेंगी. ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की हल्द्वानी ब्लॉक स्तरीय मीटिंग में यह फैसला लिया गया। बैठक में उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) के प्रदेश महामंत्री डॉ कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, मोदी सरकार मजदूरों, महिला कामगारों के अधिकारों पर हमला कर रही है, अम्बानी अडानी जैसे बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है और ट्रम्प द्वारा लगातार अपमानित करने के बावजूद अमेरिका के आगे समर्पण कर रही है, यही आज मोदी सरकार की विशिष्ट पहचान बन गया है. जिसने देश की जनता को बेहद बुरे हालात में डाल दिया है।

बैठक में मुख्य रूप से डॉ कैलाश पाण्डेय, रिंकी जोशी, रीना आर्य, अंजना, गीता जोशी, दीपा बिष्ट, आनंदी, रेनू दीप, बबीता आर्य, सुनीता अरोड़ा, सबीना, भगवती देवी, कमला गोस्वामी, हेमा सम्मल, आनंदी देवी,भारती थापा, गीता देवी, जीवंती आदि बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स ने भागीदारी की।

## News कॉर्नर

### पड़ोसियों ने घर में घुसकर महिला और उसकी बेटी पर हमला किया

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष कॉलोनी में पड़ोसियों ने घर में घुसकर एक महिला और उसकी बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला का सिर फट गया है, जबकि उसकी बेटी के हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुभाष कॉलोनी निवासी उर्मिला पत्नी छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के पड़ोस में रहने वाले आकिब,शाकिब, मुस्कान, छुटटन और पप्पू आए दिन उनके परिवार के साथ लड़ाई-झगड़ा करते रहते हैं। बीती एक फरवरी को इन सभी लोगों ने एकजुट होकर घर पर धावा बोल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### पुलिस ने नाबालिग लड़की को ले जाने का आरोपी दबोचा

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। विवेचना महिला एसआई नेहा राणा को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक 28 नवंबर 2025 को कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की लापता हो गई। लापता लड़की बगवाड़ा क्षेत्र एक कंपनी में काम करती थी। परिजनों ने कंपनी में ही लखबीर सिंह पुत्र प्रदीप निवासी राजस्थान के जनपद गंगानगर पर लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि मामले की जांच एसआई प्रियांशु जोशी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना के बाद से नाबालिग लड़की व आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# किशोरियों के साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी नैनीताल के मार्ग निर्देशन में मंगलवार को बाल विकास परियोजना भीमताल द्वारा किशोरियों के साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन नैनीताल के राज्य अतिथि गृह सभागार में किया गया।

बता दें कार्यक्रम में मुखय अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य जबकि विशिष्ट अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सिविल जज सीनियर डिवीजन पारुल थपलियाल तथा जिला पंचायत की उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट रही। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं द्वारा किशोरियों से अपने क्षेत्र के अनुभव और कैरियर से संबंधित संवाद स्थापित किया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल द्वारा विधिक कैरियर तथा महिलाओं किशोरियों से संबंधित कानूनों जैसे घरेलू हिंसा, बाल विवाह तथा कार्यस्थल में यौन हिंसा व पोस्को की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं द्वारा किशोरियों से अपने क्षेत्र के अनुभव और कैरियर से संबंधित संवाद स्थापित किया।

विभिन्न क्षेत्रों में वक्ताओं में उच्च शिक्षा से प्रो0. लता पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर, मीनाक्षी कांडपाल सहायक श्रम आयुक्त, सब इंस्पेक्टर अंजला जोन, डॉ. पल्लवी जैन, सुश्री सोनाली मिश्रा पत्रकार टाइमस ऑफ इंडिया, सुश्री बबीता टमटा राष्ट्रीय स्तर बाकसर द्वारा अपने अनुभव व चुनौतियां साझा की। इस मौके पर प्रियंका गड़िया जिला सेवायोजन अधिकारी नैनीताल द्वारा कैरियर से संबंधित सभी क्षेत्रों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत डॉ रेनू मर्तोलिया बाल विकास परियोजना अधिकारी भीमताल, जिला प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी दूरदर्शन गीतेश त्रिपाठी समेत सुमन हिंदुस्तान मीडिया, कुसुमलता सुपरवाइजर समेत नैना, हेमा तथा गीता अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्तियां व किशोरी तथा बालिकाएं आदि उपस्थित रहीं।

# हल्द्वानी में सनसनीखेज हत्या का खुलासा, 4 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बरेली रोड स्थित राम मंदिर बगीचा क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी को नैनीताल पुलिस ने मात्र चार घंटे के भीतर सुलझा लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार रात करीब 11 बजे की है। मृतक सोनू जायसवाल के भतीजे अंकित जायसवाल ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर देते हुए बताया कि उनके चाचा संदीप जायसवाल ने घर आकर सोनू जायसवाल के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली हल्द्वानी में हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नैनीताल द्वारा तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कत्याल एवं क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में



मृतक सोनू का फाइल फोटो



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी

पुलिस टीम का गठन किया गया। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस टीम ने सुरागरसी-पतारसी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करते हुए मात्र 4 घंटे के भीतर नामजद आरोपी संदीप जायसवाल पुत्र स्व. लल्लन प्रसाद जायसवाल, निवासी राम मंदिर बगीचा, बरेली रोड, हल्द्वानी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर का एक रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस तथा हत्या में प्रयुक्त लोटा भी बरामद किया गया। बरामद अवैध हथियार के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत भी अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्तमान में जमानत पर चल रहा था। उसके छोटे भाई की तबीयत काफी खराब थी और आर्थिक तंगी के कारण इलाज में परेशानी हो रही थी। इसी तनाव में उसने शराब पी रखी थी और गुस्से में आकर मारपीट कर दी, जिससे छोटे भाई की मौत हो गई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रोहताश सिंह सागर, उपनिरीक्षक रविंद्र राणा, उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, कांस्टेबल मोहम्मद अजहर एवं कांस्टेबल जगदीश भंडारी शामिल रहे।

# पूर्व विधायक शुक्ला का कांग्रेस विधायक बेहड़ पर षड्यंत्र रचने का आरोप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मंगलवार को किच्छा से दो बार विधायक रहे भाजपा नेता राजेश शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वर्तमान कांग्रेस विधायक पर उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के आरोप लगाते हुए निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दिनों पहले कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के पुत्र सौरभ बेहड़ पर कुछ युवकों ने हमले करने का मामला सामने आया था।

जिसके बाद बेहड़ ने उक्त मारपीट प्रकरण के शीघ्र खुलासे के लिये पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए इशारों ही इशारों में शुक्ला परिवार पर हमला बोला था। हालांकि एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा किये गये खुलासे में पता चला कि बेहड़ के पुत्र ने ही अपने दोस्तों की मदद से खुद पर हमला रचने का षड्यंत्र रचा था। अपने पुत्र को खोटा सिक्का बताते हुए कांग्रेस विधायक ने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी थी,तभी से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी बेहड़ पर लगातार पलटवार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विगत 13 अक्टूबर को उनके जन्मदिन से एक दिन पहले बेहड़ के इशारे पर उनके चरित्र पर दाग लगाने की मंशा से ब्लॉक चुनावों में हेराफेरी के आरोप लगवाये गये थे,लेकिन वे पूरी तरह से पुलिस की जांच में गलत साबित हुए हैं।

शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक बेहड़ एक पीआर कम्पनी की मदद से लगातार षडयंत्र रचकर उनके राजनीतिक कैरियर को खत्म करने की जुगत में हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता बेहड़ की झूठ की राजनीति को समझ गयी है और अब वह किसी बहकावे में नहीं आने वाली है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र पंचायत सदस्य ने 30 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया, उसने पुलिस को शपथ पत्र दे दिया है। शपथ पत्र में कहा राजनीति के दबाव में बयान दिया था।

# भीमताल से सटे जून स्टेट के जंगल से लापता महिला का शव बरामद

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले के विभिन्न विकास खंडों में बीते कई महिनों से आदमखोर वन्य जीवों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है जिसकी वजह से कई लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी है। ताजे मामले में जिले के भीमताल विकास खंड के भीमताल बलाक मुखयालय से सटे जून स्टेट स्थित जंगल में बीते सोमवार को सुबह जंगल में चारा लेने गई महिला गंगा देवी (60) पत्नी राजेंद्र प्रसाद को वन्य जीव ने अपना शिकार बना लिया था, 24 घंटे बाद मंगलवार की सुबह जून स्टेट के जंगल में महिला का शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला।

घटना के बाद से वन महकमे के अधिकारियों ने शव को कबजे में लेकर शव भीमताल सीएचसी भेजा। उसके बाद भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा के आदेश पर शव का पोस्टमार्टम भीमताल सीएचसी में कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद और वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने मृत महिला के बेटों को 10 लाख का चेक सौंपा। महिला की मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है साथ ही लोगों में दहशत बनी हुई है।

विधायक राम सिंह कैड़ा ने वन विभाग के अधिकारियों से वन्य जीव को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं साथ ही क्षेत्र में गश्त कर लोगों में दहशत खत्म करने को कहा है। भीमताल की नगर पालिका के चेयरमैन सीमा टमटा और पूर्व चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनौतिया ने कहा कि क्षेत्र में तेंदुए और बाघ के दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों घरों से बाहर अकेले नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से तेंदुओं और बाघ को पकड़ने की मांग की है। दूसरी ओर समाजसेवी नितेश बिष्ट समेत पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, सभासद रामपाल सिंह गंगोला, जंगलियागांव की ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने कहा कि तेंदुए हमले कर लोगों को मार रहे हैं लेकिन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार ने बताया कि वन्य जीव को ट्रैंकुलाइज करने के लिए दो डाकटर लगाए गए हैं, साथ ही पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में गश्त कर लोगों से अकेले घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील कर रहे हैं।

### कालसी दुर्घटना में घायल लोगों को देखने पहुंचे सीएम धामी

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के दून अस्पताल में कल कालसी इलाके में हुए हिमाचल रोडवेज बस हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को बस हादसे में घायल सभी लोगों का ठीक से इलाज सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। हिमाचल प्रदेश के चौपाल से पांवटा साहिब आ रही हिमाचल रोडवेज की बस मंगलवार को हरिपुर-कोटी-क्वानू-मीनस राजमार्ग पर सुदोई खड्ड के पास 100 मीटर गहरी खाई गिर गई।

# ट्रक चालक को पीटे जाने का मामला, सीएम को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस द्वारा ट्रक चालक को पीटे जाने का मामला सामने आया है। घटना के खिलाफ देवभूमि ट्रक ओनर महासंघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि हल्द्वानी से बागेश्वर राशन व सब्जी लेकर जा रहे ट्रक चालक पान सिंह कोरंगा को पुलिस कर्मियों ने बेरहमी से पीटा। ट्रक चालक पान सिंह ने बताया कि वह हल्द्वानी से पहाड़ की ओर आवश्यक सामग्री लेकर जा रहा था। ज्योलीकोट में थकान के चलते सड़क किनारे एक सुनिश्चित जगह पर ट्रक खड़ा कर सो गया।

आरोप है कि इस दौरान गश्त कर रही पुलिस उसे जबरन उठाकर चौकी ले गई, जहां उसके साथ मारपीट की गई। साथ ही हाथ में स्मैक और चरस पकड़ाकर वीडियोग्राफी करवाई और झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। किसी तरह गिड़गिड़ाकर जान बचाई, जिसके बाद पुलिस ने 500 का चालान काट दिया।

ज्ञापन भेजने वालों में राकेश जोशी, ललित रौतेला, नवीन मेलकानी, मोहन महतोलिया, भास्कर जोशी, ललित पाठक, आफताब हुसैन, ट्रांसपोर्टर नेता पंडित दया किशन शर्मा, स्वर्णपाल सिंह, व्यापारी नेता जसपाल सिंह कोहली, प्रदेश प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, धर्मेंद्र रौतेला, किशन कोश्यारी रोहित रौतेला ट्रांसपोर्टर नेता उमेश चंद पांडे, विक्रम बिष्ट, गोविंद सिंह मेहरा, वीरेंद्र सिंह, टीटू बिंद्रा, विक्की सेठी, टिंकू भसीन आदि शामिल हैं।

# हल्द्वानी तहसील में आयोजित हुआ तहसील दिवस, बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



हल्द्वानी तहसील परिसर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में इंदिरा नगर, बनभूलपुरा क्षेत्र से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। तहसील दिवस के दौरान तहसीलदार हल्द्वानी ने आम जनता की समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार ने तहसील दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी को दिया। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर क्षेत्र की अनेक समस्याएं तहसील दिवस में दर्ज कराईं और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज बनभूलपुरा में पिछले एक वर्ष से उर्दू अध्यापक की नियुक्ति नहीं है। क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत छात्र मुस्लिम समाज से हैं, जो उर्दू पढ़ना चाहते हैं, लेकिन शिक्षक न होने के कारण बच्चे उर्दू शिक्षा से वंचित हैं। इसके अलावा उन्होंने इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर, मोहम्मदी चौक, बरसाती क्षेत्र सहित कई स्थानों पर टूटी हुई पुलियाओं का मुद्दा उठाया। इंदिरा नगर इंटर कॉलेज को जाने वाली सड़क की पुलिया भी क्षतिग्रस्त है, जिससे छात्रों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सभासद सलमानी ने इंदिरा नगर वार्ड संख्या 32 में सिविल लाइन बिछाने, खराब व बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने, विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु 50 हजार रुपये की सहायता राशि दिलाने तथा वार्ड की बदहाल सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग भी रखी। तहसील दिवस में बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने अपनी-अपनी समस्याएं पत्रों के माध्यम से दर्ज कराईं और तहसील दिवस प्रभारी से शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।इस अवसर पर मशहूर अहमद, फहीम अहमद, कर खान, जुनैद गफारी, माया देवी, जय देवी, श्रीमती रेखा, राखी, सन्नो, रेशम, मेहरुन्निसा, रेशम शाहिद सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।